

हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 9 नवंबर 2024



- तीन दिवसीय पर्व का शुक्रवार को समापन
- व्रती महिलाओं ने गीत गाया, घाट पर ही की पूजा
- गाजे-बाजे के साथ ही की गई आतिशबाजी

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर की मंगल कामना, छठ पर्व का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान सूर्यदेव एवं छठी माता की उपासना का महापर्व छठ के तहत शुक्रवार को भोर के समय बड़ी संख्या में भक्त तालाब परिसर में एकत्र हुए, जहां व्रती सहित उनके परिजनों ने तालाब के पानी में उतरकर भोर के समय उगते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद लोगों को प्रसादी का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि अंचल में भगवान सूर्यदेव एवं छठी माता की उपासना का पर्व 5 नवंबर को नहाय खाए के साथ प्रारंभ हुआ। चार दिवसीय चलने वाले इस महापर्व का समापन 8 नवंबर को विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई।

**संतान के सुख-समृद्धि की कामना**

शहर के मिथिलाधाम श्री गणेश मंदिर परिसर में शुक्रवार को भोर के समय बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। इसके अलावा चिखली, पेंड्री सहित अन्य तालाबों में भी भक्तों की उपस्थिति बनी हुई थी। यहां तालाब के पानी में उतरकर व्रत धारण करने वाली महिलाओं सहित उनके परिजनों ने उगते सूर्यदेव को अर्घ्य देकर घर-परिवार के लिए मंगल कामना एवं संतान के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया एवं लोगों को प्रसादी का वितरण किया गया।



## तालाब में भोर के समय रही भीड़, धूमधाम से मनाया गया पर्व

### भक्ति गीतों की गूंज

पर्व के तहत तालाब परिसर में गुरुवार को भी बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बनी थी। इस दौरान लोग पूजा की टोकरी लिए तालाब के घाट पहुंचे थे, जहां पूजा सामग्रियों को रखकर भगवान सूर्यदेव एवं छठी माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अस्ताचल सूर्यदेव को अर्घ्य दिया गया था। इस मौके पर तालाब परिसर में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बनी थी। तालाब परिसर में बाजे-गाजे एवं भक्ति गीतों की गूंज बनी हुई थी। वहीं बच्चों सहित बड़ों ने आतिशबाजी एवं फटाके फोड़कर पर्व का आनंद उठाया था।



### चार दिवसीय महापर्व का समापन

चार दिन चलने वाले इस पर्व को लेकर अंचल में श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहा। महिलाओं ने संतान की सुख-समृद्धि एवं घर-परिवार में मंगल कामना लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा था। जिसका समापन आज उगते सूर्य को अर्घ्य देने व पूजा-अर्चना करने के पश्चात हुआ। इस पर्व के दौरान लोगों में श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहा। लोगों ने एक-दूसरे को छठ पर्व की बधाईयां भी दी।

## निगम में छह सौ एवं नपं में आठ सौ फीट तक भूमि का ही मिलेगा पट्टा

# निकाय चुनाव से पहले आवासहीनों को बंटेगा पट्टा, 5 साल से बसा होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव से पहले सरकार ने लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। लंबे समय से पट्टे का इंतजार कर रहे आवासहीन लोगों को अब सरकार पट्टा देने जा रही है। शहर में छह सौ फीट एवं नगर पंचायत इलाकों में अधिकतम आठ सौ फीट भूमि के लिए पट्टा दिया जाएगा। इसकी अवधि 30 साल के लिए तय की गई है। जिला प्रशासन ने अफसरों की ड्यूटी लगाने के साथ ही बैठक के बाद सर्वे का काम भी शुरू कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि आगामी महीनों में प्रदेशभर में नगरीय निकाय के चुनाव होने हैं। ऐसे में प्रदेश की भाजपा सरकार लोगों को साधने के लिए अब पट्टा वितरण का आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए प्रत्येक क्षेत्र के लिए प्रारूप-क में एक रजिस्टर तैयार करेगा। प्राधिकृत अधिकारी क्षेत्र के प्रत्येक कुटुम्ब के अधिभोग के अधीन भूखंड को दर्शाने वाली स्थल योजना तैयार करवाएगा। प्राधिकृत अधिकारी ऐसे क्षेत्रों का भुवन या मुक्तस्त्रोत के नक्शे के आधार पर एक ले-आउट तैयार करेगा।



### अतिरिक्त भूमि छोड़नी होगी

आदेश में साफ तौर पर कहा गया है कि नगर निगम क्षेत्र में छह सौ फीट एवं ग्रामीण इलाकों में आठ सौ फीट तक भूमि का ही पट्टा दिया जाएगा। यदि कोई परिवार इससे अधिक भूमि पर कब्जाधारी है तो उसे अतिरिक्त भूमि को छोड़ना होगा। प्रशासन की यह जिम्मेदारी होगी कि वे यह तय करें कि अतिरिक्त भूमि से कब्जा हटा लिया गया है, तब ही उक्त परिवार को पट्टा जारी किया जाएगा।

### यह दस्तावेज जरूरी

पट्टा के लिए आवेदन करने वाले हितग्रहियों से सत्यापन के लिए 5 साल पहले जारी किए गए आधार या ड्राईविंग लाइसेंस, टेलीफोन या बिजली बिल, मतदाता सूची, जलकर भुगतान दस्तावेज, संपत्तिकर या समेकित कर पंजी जैसे दस्तावेज जरूरी होंगे। पट्टे का उपयोग केवल आवासीय प्रयोजन के लिए ही किया जा सकेगा।

### 15 दिन में होगा सर्वे

मिली जानकारी के अनुसार दिवाली से ठीक पहले शासन ने पट्टे जारी करने को लेकर सभी जिला प्रशासन को आदेश जारी किया था। जिसको लेकर शुक्रवार को एक बैठक भी की गई और अफसरों में इलाका बांट दिया गया है। अब अगले 15 दिनों में पट्टा वितरण से पहले सर्वे कार्य किया जाएगा। जिसके आधार पर ही पट्टा वितरण होगा। हालांकि हितग्राही भी आवेदन कर सकता है।

### तीन दशक की अवधि

शासन द्वारा आवासहीन लोगों को अगले तीन दशक यानि 30 साल के लिए यह पट्टा जारी किया जाएगा। हालांकि इसके लिए निकाय द्वारा तय किए जाने वाला विकास शुल्क लिया जाएगा। वहीं जिस भूमि के लिए पट्टा मांगा गया होगा, वहां उक्त परिवार का कम से कम पांच साल पूर्व से कब्जा होना जरूरी है।

# 8 सूत्रीय मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी 8 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने एक दिवासीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। वहीं रैली निकालकर अपनी मांगों का ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सौंपा।

शासकीय कर्मचारी घोषित करने, समूह बीमा योजना लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति, महंगाई भत्ता, पदोन्नति, प्रतिमाह रसोई गैस रिफिलिंग सुनिश्चित करने सहित अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने एक दिवासीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे आयोजित धरना प्रदर्शन को आंगनबाड़ी संघ के पदाधिकारी ने संबोधित करते अपनी मांगे पूरी नहीं किए जाने को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।



### ड्रेस कोड की अनिवार्यता हो खत्म

अपने प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने कहा कि उन पर ड्रेस कोड की अनिवार्यता खत्म की जाए अथवा आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों पर भी ड्रेस कोड लागू किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि ड्रेस कोड लागू किया जाता है तो फिर कपड़ों के साथ सिलाई और धुलाई भत्ता भी दिया जाए। अपने प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने शहर में रैली निकाली और नारेबाजी करते अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा है। वहीं मांगे पूरी नहीं होने पर देश की राजधानी दिल्ली में जाकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### मांगे पूरी नहीं होने पर आक्रोश

आंगनबाड़ी संयुक्त संघ की जिलाध्यक्ष संध्या टांडेकर, सचिव संतोषी निर्मलकर और संतोषी वर्मा ने कहा कि अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर समय-समय पर आंदोलन के माध्यम से शासन और प्रशासन को अवगत कराया गया है, लेकिन उनकी मांगे पूरी नहीं हो रही है। पिछली बार 43 दिनों की हड़ताल की गई थी, लेकिन उनकी सभी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई।

# जलाराम बापा जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जलाराम बापा की 225वीं जयंती और शहर के कैलाश नगर स्थित श्री जलाराम मंदिर स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

संत शिरोमणि जलाराम बापा की जयंती पर गुजराती समाज द्वारा तीन दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमें अखंड रामायण पाठ, महाआरती और प्रसादी वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया।



जलाराम बापा जयंती के अवसर पर कैलाश नगर स्थित श्री जलाराम मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस कैलाश नगर स्थित जिला श्री जलाराम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

# बिना टिकट लिए ट्रेनों में सफर दस दिन में पकड़ाए तीन हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चला अभियान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर गुजरने वाली सभी मेल और एक्सप्रेस एवं सवारी गाड़ियों में निरंतर जागरूकता अभियान और सख्ती के बावजूद ट्रेनों में बिना टिकट सफर करने यात्रियों की आदतों में कोई सुधार नहीं हो रही है।

विशेष कर त्यौहार के दौरान स्वरूप बिना टिकट यात्रा एवं सफर के दौरान वैध यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले मुसाफिरों से किसी प्रकार की परेशानी न हो और अनाधिकृत यात्रियों पर अंकुश लगाने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पिछले दस दिनों में रेलवे द्वारा नागपुर से दुर्ग तक चलाए गए विशेष अभियान में करीब तीन हजार यात्रियों पर कार्रवाई की गई है। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के मार्गदर्शन में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर के दौरान नागपुर से दुर्ग रेलखंड के बीच टिकट अभियान के तहत बिना टिकट अनियमित टिकट बिना बुकिंग लगेज के कुल 2942 मामलों से 11 लाख 73 हजार 30 रुपए वसूल किए गए हैं। वहीं गंदगी फैलाने के 111 मामलों में 11 हजार 100 रुपए तथा धुम्रपान के मामले में एक हजार रुपए वसूल किए गए हैं।

# फिर बदलेगा दो चौक का नाम!

## एमआईसी बैठकः ढाई करोड़ की सड़क का भी प्रस्ताव पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के दो प्रमुख चौक का फिर से नाम बदलने की तैयारी कर ली गई है। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख के नेतृत्व में महामाया चौक एवं कौरिनभाठा चौराहे का नाम बदलने का प्रस्ताव एमआईसी की बैठक में पास कर लिया गया है। इसके अलावा शहर में सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण के लिए भी करीबन ढाई करोड़ के नए काम को मंजूरी दी गई है।



उल्लेखनीय है कि निगम चुनाव से पहले शुक्रवार को एमआईसी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई थी। 17 विषय को लेकर आयोजित की गई इस बैठक में प्रमुख रूप से दो चौक के नाम बदलने के अलावा सड़कों में डामरीकरण एवं स्वीमिंग पुल संचालन की अवधि बढ़ाने को लेकर निर्णय लिया गया। इसके अलावा निगम आयुक्त के वार्ड भ्रमण एवं कार्यालयीन कार्यों के लिए एक वाहन खरीदी का विषय भी एमआईसी की बैठक में शामिल किया गया था, लेकिन इसे फिलहाल रोक दिया गया है।

### सवा करोड़ से सुधरेगी गौरव पथ की स्थिति

एमआईसी बैठक में ही अधोसंरचना मद से गौरव पथ की स्थिति सुधारने 1.18 करोड़ की लागत से डामरीकरण के प्रस्ताव को भी पास कर दिया गया है। इसके अलावा इस मद से ही वार्ड क्रमांक 9 से 17 तक सड़कों की मरम्मत, बीटी एवं रिन्यूवल, पेंचवर्क के लिए 55.21 लाख की मंजूरी दी गई है। वार्ड क्रमांक 44 में 56 लाख एवं वार्ड क्रमांक 19 में 57 लाख की लागत से दो सड़कें बनाने का प्रस्ताव भी एमआईसी की बैठक में पास हुए हैं।

## एक अन्य युवक घायल, अस्पताल में इलाज जारी

# हड़ताल में शामिल होने दुर्ग जा रहे सोसायटी कर्मचारी को ट्रक ने मारी ठोकर, 1 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में सवार होकर जा रहे दो लोगों को फ्लाई ओवर में अज्ञात वाहन के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर अज्ञात वाहन की पतासाजी में जुटी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरूद्वारा के सामने फ्लाई ओवर के ऊपर लापरवाही से भागती अज्ञात वाहन ने बाइक में सवार होकर जा रहे चारभाठा चिचोला निवासी पितांबर सिन्हा 35 वर्ष एवं शिवचंद्र विश्वकर्मा उम्र लगभग 40 वर्ष सेंदरी ठाकुरटोला निवासी को अपने चपेट में ले लिया। पुलिस के अनुसार इस दुर्घटना में पितांबर सिन्हा की मौत हो गई। वहीं बाइक में सवार शिवचंद्र विश्वकर्मा को गंभीर चोंटे आई है, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनो में सड़क हादसे की संख्या में इजाफा देखने को मिला है। अधिकांश मामले में तेज रफ्तार और बिना हेलमेट के वाहन चलाना मौत का कारण बन रहा है। इस सड़क हादसे में भी रफ्तार के साथ ही मृतक युवक द्वारा हेलमेट नहीं पहनना बड़ा कारण बना है। वहीं बढ़ते सड़क हादसे को देखते हुए अब जिले में यातायात विभाग भी कठोरता बरतने की तैयारी में जुट गया है। शहर से लेकर गांव तक नजर रखी जाएगी।



### दुर्ग की ओर जा रहे थे

बताया गया कि उक्त बाइक सवार समिति प्रबंधकों के हड़ताल में शामिल होने के लिए दुर्ग की ओर जा रहे थे। इधर इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस इस मामले में अज्ञात वाहन की सरगर्मी से पतासाजी करने जुटी हुई है।









## खबर संक्षेप

### जयंती समारोह 15 को

**डोंगरगढ़।** श्री सुदर्शन वाल्मीकि महाराज की जयंती के अवसर पर श्री सुदर्शन वाल्मिकी गिरि में आगामी 15 नवंबर को कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर श्री सुदर्शन वाल्मीकि महाराज की पूजा-अर्चना की जाएगी। उनके जीवन और कार्यों पर चर्चा होगी। समारोह में स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के विद्वान और समाज सेवक शामिल होंगे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन और प्रवचन भी होंगे। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष तरूण हत्थेल ने सामाजिक जनों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### जमशेदपुर में प्रचार कर रहे दलेश्वर



**डोंगरगांव।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले छह विधानसभा क्षेत्र के लिए एआईसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक और विधायक दलेश्वर साहू ने गत दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.अंशुल अविजित, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, एके शास्त्री की उपस्थिति में चुनाव में जीत सुनिश्चित करने बैठक लिया। इस दौरान किसान नेता गुलाब वर्मा, डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह, डोंगरगांव जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू मौजूद थे।

### वेद- उपनिषद पर दो दिवसीय प्रवचन



**डोंगरगढ़।** ईशावास्य उपनिषद सूत्र 9 विषय पर मां बमलेश्वरी देवी की धरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुजरात के संत छोटे दादा महाप्रवचन और सत्संग में शामिल हुए। नवनाथ सत्संग मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में वेद और उपनिषद पर प्रवचन हुआ था। उन्होंने प्रवचन में जीवन का महत्व विस्तार से बताया। उन्होंने इच्छाओं से उठने, उपासना करने, सदा ज्ञान और ब्रह्म ज्ञान क्या है आदि के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञान वह है जो हमें भौतिक सुख दिलाता हैं जबकि सद्ज्ञान आध्यात्मिकता और परमात्मा की ओर ले जाता है। उन्होंने वेद और उपनिषद के विचारों से भक्तों को प्रकाशित किया। गुरुदेव छोटेलाल दादा के बारे में नवसारी से आए नवनाथ आश्रम धाम के गादीपति ने बताया कि 5282 नेत्रदान संकल्प का रिकार्ड गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। कोरोना काल में आश्रम धाम के भंडारे से सबको भोजन उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में 200 से ज्यादा लोग शामिल हुए।

### छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण

# पूर्व सांसद ने पशुधन को बांधी सोहाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह



महरूमखुर्द में बीते दिनों पूर्व सांसद अभिषेकसिंह ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन, राजेश श्यामकर, जनपद सभापति अमीन खान, जागेश्वर साहू, प्रखर श्रीवास्तव, नोमेश वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। पूर्व सांसद श्री सिंह के गांव पहुंचने पर राउत नाचा से स्वागत किया गया। श्री सिंह ने विधिविधान से पूजा कर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके पूर्व जय मॉ विद्यावासिनी बालिका मानस परिवार बोडरा ने अपनी प्रस्तुति दिया।

कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह ने छत्तीसगढ़ी परपंरा के अनुसार खुमरी पहनकर बछड़े को सोहाई बांधा। इसे देखकर ग्रामीण काफी गदगद हो गए। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में सुखबती महिपाल, गेवार यादव, मनहरण यादव, सुखराम मैथिल क्षत्रिय, बलराम विश्वकर्मा, रामबाई वर्मा, कामनी देवांगन, सीता वर्मा, कुंती वर्मा, नीरा दुबे, पांचो महिपाल, छमिता पाल, दुर्गा पाल, भानेश्वरी वर्मा, कचरी बाई वर्मा, लता पाल, भूनेश्वरी पाल को सम्मानित किया। उन्होंने कक्षा 12वी में जिले में प्रथम स्थान हासिल करने वाली धनिका निषाद और प्रयास में चयनित विद्यार्थी नागेश्वर निर्मलकर, दीपचंद वर्मा, दानेश्वरी वर्मा को सम्मानित किया। जोईधा वर्मा, जंयती वर्मा, विजयलाल साहू और दिनेश वर्मा को सम्मानित किया गया।

#### जनपद सभापति ने की घोषणा

कार्यक्रम के विशेष अतिथि जनपद सदस्य अमीन खान ने शेड निर्माण के लिए 2 लाख एवं अंवतीबाई लोधी छत निर्माण के लिए 1 लाख 17 हजार एवं कर्मा मूर्ति की घोषणा किया। कार्यक्रम में उपसरपंच नूतन वर्मा, सचिव ज्योति सिंग, नीलू वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## चांदो में रासेयो शिविर का आयोजन 12 तक



**डोंगरगांव।** डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के मार्गदर्शन तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रियांकी गजभिये, डॉ.आशाराम साहू के संयोजन में ग्राम पंचायत चांदो में 6 से 12 नवंबर तक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. मेश्राम ने किया। उद्घाटन सत्र में सहायक प्राध्यापक डॉ. एके धमगाए , डॉ. चेतन साहू, संध्या मेश्राम, रामचंद्र भार्गव, सरपंच चुरामन नायक, ग्राम पटेल माणिकलाल, ग्राम अध्यक्ष ढालचंद साहू, शिक्षक बसंत सिंह, राजेश देवांगन, अमित गोसाई आदि उपस्थित थे।

#### जिम्मेदारी तय

सात दिवसीय शिविर के संचालन हेतु शिविर नायक सत्यम वैष्णव, उप नायक देवनारायण माली, शिविर उप नायिका पुनीता साहू को चुना गया है। सायंकालीन समीक्षा बैठक में जनपद सीईओ होरीलाल साहू शामिल हुए। इस दौरान यशवंत कुमार नायक, दानेश्वर साहू, हिमांशु अहीर , हिमाचल साहू उपस्थित थे।

## उप राष्ट्रपति ने साहित्यकार यादव को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सेवानिवृत्त व्याख्याता और साहित्यकार डा.पीसी लाल यादव को राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ी और हिंदी भाषा में साहित्य एवं काव्य का सृजन करने पर लाला जगदलपुरी साहित्य सम्मान से विभूषित किया है। गत 6 नवंबर को राज्योत्सव में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल रमेन डेका, विधान सभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने डा.पीसी लाल यादव को राज्य अलंकरण, राजकीय गमछा, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं 50 हजार का चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि 9 जून 1955 को टिकरीपारा में जन्मे डा.यादव 49 वर्षों से हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी में साहित्य सृजन कर रहे है। अब तक 56 पुस्तकें हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी में प्रकाशित हो चुकी है। आकाशवाणी और दूरदर्शन से उनकी रचनाओं का प्रसारण होते रहता है। संगीत नाटक अकादमी नईदिल्ली, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नईदिल्ली, जनजातीय बोली विकास एवं लोककला अकादमी भोपाल ,संस्कृति विभाग रायपुर आदि उनके व्याख्यान हो चुके हैं।

डां. यादव की 500 से अधिक गीत कविताएं और 100 से अधिक लेख विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

#### कई बार सम्मानित

अंतर्राष्ट्रीय जय उत्सव 2011, अंतर्राष्ट्रीय रामलीला संगोष्ठी 2015, साहित्योत्सव 2024, पं. गया प्रसाद शर्मा लोक निधि अलंकरण, संस्कृति मंत्रालय राजभाषा प्रभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पुस्तक पुरस्कृत, राष्ट्रीय आंचलिक भाषा सम्मान भोपाल 2022, कविरत्न सारस्वत सम्मान 1995 जैसे कई सम्मान से डॉ.यादव सम्मानित हो चुके हैं। डा यादव को राज्य अलंकरण मिलने पर साहित्यकारों, लोक कलाकारों, मित्रों, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, भीखु हिरवानी, लीला राम साहू ने बधाई दी है।

### डॉ.यादव को बधाई

**चिचोला।** पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा ने साहित्यकार डॉ पीसीलाल यादव को लाला जगदलपुरी सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। उन्हे बधाई देने वालों में पुरवाही के संयोजक ओमप्रकाश साहू, अध्यक्ष ग्वालाप्रसाद यादव, सचिव हेमलाल सहारे, नंदकुमार साहू, रामकुमार चन्द्रवंशी, कोमल सिंह गुरु, शेरसिंह परतेती, अरविंद कुमार लाल, शिवकुमार लहरे, लेखराम वर्मा, दिनेश कुरेटी, रमेश चन्द्रवंशी, दुर्गेश सिन्हा, उमेश मतवाला,प्रहलाद मिश्रा, प्रीतम कोठारी समीर, होरीलाल भुआर्य, यूनुस शामिल हैं।

## नेशनल हाईवे का कार्य प्रगति पर, ढाई माह में तैयार हो जाएगी सड़क

**मानपुर।** सेरपार से कोहक महाराष्ट्र बॉर्डर तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 पर 47 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य अपने अंतिम चरणों पर है। जिसका 80% निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वहीं आगामी 31 जनवरी तक संबंधित ठेकेदार द्वारा इस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र को जोड़ने वाली इस राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण से यहां विकास के कार्यों में तेजी आएगी। वहीं क्षेत्र का व्यापार भी बढ़ेगा। इसके साथ ही लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

#### आठ गांव सीधे जुड़ेंगे सड़क से

वनांचल क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण का लाभ इस क्षेत्र के लोगों को जल्द ही मिलेगा। नेशनल हाईवे निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से सीधे सड़क से खडगांव, ईरागांव, कहगांव, मानपुर, कोहका सहित आठ गांव जुडेगे वहीं एक बड़ी आबादी का आवागमन आसान होगा।

## खेत से धान की फसल ले गए अज्ञात

- किसान ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम आसरा के एक किसान ने अपने आधिपत्य वाली क़ृषि भूमि में काट कर रखी धान की फ़सल को अन्य व्यक्तियों द्वारा ले जाने की शिकायत पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी से किया है।

ग्राम आसरा के भूषणराय ने अपनी शिकायत में बताया कि पूर्वजो के समय से उसके आधिपत्यशुदा खसरा नंबर 23, 25, 26/1, 26/2, 41, 46, 47, 48, 50/2, 51, 53, 55, 60/1, 60/2 रकबा क्रमशः- 0.8090, 0.0650, 0.1210, 0.1210, 0.0650, 0.0200, 0.0200, 0.2590, 0.3080, 0.8090, 0.2020, 0.0400, 0.1660, 0.0890, 0.0850 हेक्टेयर कुल 6.08 एकड जमीन भू-दान यज्ञ बोर्ड के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है।

इस जमीन के संबंध स्वत्व की उद्घोषणा बाबत मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। माननीय न्यायालय ने 10 मई को आवेदक के पक्ष में स्थगन आदेश पारित कर निषेधाज्ञा जारी किया है कि वाद के लंबनकाल तक प्रतिवादीगण वादी को वादग्रस्त भूमि से बेदखल नहीं करेगें।

वादग्रस्त भूमि को किसी अन्य के नाम पर व्यवस्थापित नहीं करेगें अर्थात वादग्रस्त भूमि पर आवेदकगण काबिज कास्त रहेंगे। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि गत 3 नवंबर को कुछ लोग धान का करपा उठा कर ले गए है। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## छठ पर्व पर अस्ताचल सूर्य को दिया अर्घ्य

- महावीर तालाब में श्रद्धालुओं की रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



भगवान सूर्यदेव एवं छठी माता की आराधना का पर्व छठ बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। नगर के हृदयस्थल स्थित महावीर तालाब में श्रद्धा भक्ति का माहौल रहा। गुरुवार को भक्तों ने महावीर तालाब में पहुंचकर अस्तांचल सूर्य को अर्घ्य दिया।

यह 5 नवंबर को नहाय खाए के साथ प्रारंभ हुआ था। सूर्य उपासना का महापर्व चार दिनों तक मनाया गया। 7 नवंबर को महावीर तालाब में छठ का व्रत रखने वाले एवं उनके परिजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। अपरान्ह लगभग 3 बजे से टोकरी लिए बड़ी संख्या में भक्तों का आना शुरू हो गया था। तालाब के घाट में पूजा सामग्रियों को सजाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। तालाब के पानी में उतर कर भक्तों ने घंटों अस्ताचल सूर्यदेव को अर्ध्य दिया। शुक्रवार को सुबह पहली किरण के साथ ही भक्तों ने भगवान सूर्य की पूजा अर्चना कर अर्ध्य दिया। तालाब में एक ओर से दूसरे छोर तक भक्त पूजा-अर्चना करने में जुटे रहे। तालाब परिसर में बच्चों एवं बड़ों ने आतिशबाजी कर पर्व मनाया। नागरिकों व जमप्रतिनिधि ने पहुँचकर लोगों को पर्व की बधाई दी। शुक्रवार को चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हुआ। गुरुवार शुक्रवार की रात्रि 3 बजे से महावीर तालाब पहुँच लोगों ने छठी माता की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया।

### भवन निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (देवांगनपारा) के लिए 2 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।




## कृषि कॉलेज के स्टाल को मिली सराहना



**छुईखदान।** जिला मुख्यालय खैरागढ में गत दिनों जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया। राज्योत्सव में रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में स्टॉल लगाकर धान की विभिन्न उन्नतशील किस्म का प्रदर्शन किया गया। इस बारे में किसानों को विस्तार से बताया गया। स्टाल में समन्वय कृषि प्रणाली, स्मार्ट फार्मिंग, नेट और पॉलीहाउस के मॉडल प्रदशित किए गए। स्टाल में मुख्य आकर्षण मुनगा एवं पान से निर्मित विभिन्न उत्पाद तथा उससे संबंधित तकनीकी जानकारी थी। मुख्य अतिथि विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने स्टॉल का अवलोकन करते हुए मुनगा चखा। चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने विशेष सहयोग देते हुए हाईटेक कृषि, नेट हाउस, स्मार्ट फार्मिंग, मुनगा उत्पाद, प्रकाश प्रपंच, मृदा परीक्षण, कीटों के बारे में किसानों को जानकारी दिया। छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

## पेट्रोलियम निर्माण के समय जहरीले गैस फैलने से किसान के सेहत पर खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

हरिनछपरा औद्योगिक केंद्र में पेट्रोलियम निर्माण करते समय जहरीले गैस आसमान प्रभावित कर रहे हैं, वही दूसरी तरफ आवागमन करने वाले राहगीरो के लिए दम घुट रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूरी स्थित औद्योगिक क्षेत्रांतर्गत बड़े-बड़े उद्योग संचालित किया जा रहा है। जिसमें हल्दी, मिर्च, मसाला निर्माण व कृषि क्षेत्र में खाद्य निर्माण तथा पानी पाऊज निर्माण, डिस्पोजल, पेट्रोलियम निर्माण तथा राइस मिल, हीरा टॉयर, ब्लड जांच निर्माण संचालित किया जा रहा है लेकिन पेट्रोलियम निर्माण बिना चिमनी के किया जा रहा है जिससे आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों के सेहत पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र में जहरीली गैस फैलने से आसमान में धुआ सा छाया हुआ है जिससे आसपास क्षेत्र के ग्रामीण, रहवासियों तथा राहगीरों को खासी परेशानियों व का सामना करना पड़ रहा है।






## सार समाचार

### विस अध्यक्ष रमन ने स्टॉल का किया अवलोकन



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर स्थानीय पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरवपथ में आयोजित राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने महिला स्वसहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।

### दिवाली मिलन समारोह 10 को

**डोंगरगढ़।** नगर यादव समाज ने दीपावली मिलन एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन आगामी 10 नवंबर को राधा कृष्ण मंदिर में किया है। इस सम्मेलन में शामिल होने वाले लोग अपना पंजीयन करा सकते है। आगामी 24 फरवरी को स्थापना दिवस पर होने वाले सामूहिक विवाह होगा। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ यादव ने देते हुए यादव जनों से उपस्थिति की अपील की है।

### जिले में 21वीं पशु संगणना का किया जा रहा कार्य

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के पशुपालकों से 21वीं पशु संगणना कार्य के दौरान प्रगणक को अपने पशुधन एवं पक्षीधन की सही जानकारी देते पशु संगणना में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की है। भारत सरकार द्वारा प्रत्येक पांच वर्षों में पशुधन एवं पक्षीधन की गणना कर डाटा संकलित किया जाता है। जिसके माध्यम से शासन द्वारा आर्थिक विकास हेतु योजनाएं संचालित की जाती है। शासन द्वारा जिले में 25 अक्टूबर 2024 से माह फरवरी 2025 तक 21वीं पशु संगणना का कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गणना हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक प्रगणक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर सर्वे का कार्य करेंगे तथा उसकी एप में ऑनलाईन प्रविष्टि करेंगे।

### अप्रेंटिसशिप मेला 11 को

**राजनांदगांव।** भारत सरकार की शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 11 नवंबर को सुबह 9 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला का आयोजन किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित किया गया है। शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ अप्रेंटिसशिप मेला में सम्मिलित हो सकते हैं।

### कान्यकुब्ज समाज का दीपावली मिलन 10 को

**राजनांदगांव।** कान्य कुब्ज ब्राम्हण समाज का दीपावली मिलन समारोह आगामी 10 नवंबर को कान्य कुब्ज सांस्कृतिक भवन कौरिनभाठा राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम अन्नकूट के स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। दोपहर भोजन के साथ-साथ बच्चों एवं महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न होगी। अपरान्ह 4 बजे पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कान्य कुब्ज सभा राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी दुर्गेश त्रिवेदी ने बताया कि पूर्वान्ह 11.30 बजे से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर प्रारंभ होगा। जिसमें समाज के संरक्षक डॉ. अरूण शंकर दीक्षित एवं पं. आशीष त्रिपाठी के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर ब्लड प्रेशर, शुगर एवं ईसीजी जांच परीक्षण उपरांत निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा। कार्यक्रम दीप प्रज्जवलन से प्रारंभ किया जाएगा। सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना के पश्चात बच्चों की फैंसी ड्रेस, नृत्य एवं सामान्य ज्ञान, महिलाओं की रंगोली प्रतियोगिता एवं पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता तथा वरिष्ठ सदस्यों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा एवं महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती अवस्थी ने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### संवैतनिक अवकाश घोषित

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत झारखंड राज्य में 13 नवंबर 2024 एवं 21 नवंबर 2024 तथा महाराष्ट्र राज्य में 20 नवंबर 2024 को मतदान किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के तहत आने वाले कारखानों व कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में संबंधित राज्य के नियोजित प्रत्येक व्यक्ति या कार्यरत श्रमिक को मतदान के दिन संवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र एवं झारखंड के मतदाता जो छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व व्यवसाय में नियोजित या कार्यरत है, उन्हें अपने गृह राज्य में मतदान दिवस के दिन संवैतनिक अवकाश प्रदान करने निर्देशित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह के सात दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने कहा गया है।

### किसान नेता की 5 साल बाद खुली नींद

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत में कहा कि कथित किसान नेता अन्नदाता किसानों को गलत और भ्रामक जानकारी देकर सरकार के खिलाफ बरगलाने के कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। श्री राजपूत ने कहा कि किसान नेता अपनी राजनीति को चमकाने किसानों को गलत तरीके से भड़का रहे हैं। किसानों के पसीने और परिश्रम का सम्मान करने वाली भाजपा ही देश की पहली ऐसी सरकार है, जो किसानों के धान को 3100 रुपए एवं 21 क्विंटल प्रति



एकड़ खरीदती है। उन्होंने कहा कि आजादी के 55 वर्षों के बाद डॉ. रमन सिंह की सरकार ने 0% ब्याज में ऋण देकर किसानों को ब्याज से मुक्ति दिलाने का कार्य किया और खाद-बीज में सब्सिडी लगातार देते किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का लगातार प्रयास कर रही है। कृषि यंत्रों में सब्सिडी के साथ-साथ किसानों के सम्मान में प्रधानमंत्री ने प्रत्येक छोटे से छोटे किसान के खाते में सीधे ही किसान सम्मान निधि के रूप में 6000 रुपए वार्षिक भेजने का कार्य भाजपा की सरकार कर रही है।

## निधन

### संतोष सोनी



**छुईखदान।** स्व. बालाराम सोनी के ज्येष्ठ पुत्र संतोष सोनी का 7 नवंबर की रात साढ़े 10 बजे हृदय गति रुकने से 66 बरस की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 नवम्बर को स्थानीय शमशान घाट में किया गया। उन्हें मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र डॉ. अभिषेक सोनी ने दिया। वह संतोष ज्वेलर्स के संचालक थे। स्व. सोनी अपने पीछे दो भाई, तीन पुत्र सहित भरपूरा परिवार छोड़ गए हैं। वह शांति डायग्नोस्टिक के संचालक अनुराग सोनी के पिता थे।

### सहसपुर दल्ली के पास 8 लाख रुपए की हुई थी लूट

# मुनीम से लूट की गुत्थी सुलझी, एक नाबालिग सहित पांच आरोपी सपड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजनांदगांव-कवर्धा रोड में सहसपुर दल्ली के पास वसूली का पैसा लेकर वापस जा रहे व्यपारी के मुनीम को रोककर लगभग आठ लाख रुपयों की लूट करने वाले पांच आरोपी पकड़ाए।

मिली जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर को नयापारा राजनांदगांव निवासी झूमर देवांगन 52 साल सीमेंट और वाशिंग पावडर बिक्री का पैसा वसूली करने गया था और वसूली का नगदी रकम 7 लाख 80 हजार 400 रुपए काले कलर के बैग के अंदर रखकर मोटर साइकिल सीजी-08-एएन-9351 में वापस राजनांदगांव जा रहा था। शाम 6 बजे के आसपास खैरागढ़ से राजनांदगांव मेन रोड पर कलकसा चौक से 50 मीटर पहले एक मोटर साइकिल में आए तीन लड़कों में एक ने मोबाइल फोन को छीन लिया और दो लड़के नगदी रकम से भरे बैग को छीनकर भाग गए। झूमर सिंह की रिपोर्ट पर थाना ठेलकाडीह में अपराध सदर अपराध 211/2024 धारा 309(6) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मिथिलेश वर्मा ने घटना में अपने रिश्तेदार नाबालिग बालक जो स्कूली छात्र है, उसे भी शामिल कर लिया। पांचों आरोपी प्रार्थी का पीछा करते दल्ली तक पहुंचे। दल्ली में



मिथिलेश वर्मा और ईश्वर साहू रूक गए।जबकि शेष तीनों ने प्रार्थी को सूनसान जगह में माचिस मांगने के बहाने रोककर उसका मोबाइल और रुपए से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। बाद में तीनों ने लूटी रकम को आपस में बांट लिया था। पांचों आरोपियों के मेमोरंडम कथन आधार पर भूपेन्द्र वर्मा से घर में रखे लूट की रकम दो लाख नगद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, मोबाइल, आरोपी सुनील वर्मा से लूट की रकम से खरीदा पल्सर मो.सा. सहित 30 हजार नगद, आरोपी मिथिलेश वर्मा से 88 हजार 500, आरोपी ईश्वर साहू से 1 लाख 15 हजार और विधि से संघर्षरत बालक से नगद 60 हजार रुपए व लूट की रकम से खरीदा आई फोन बरामद किया है।

#### लूट के पहले बनाई थी योजना

प्रकरण की गंभीरता को देखते एसपी त्रिलोक बसंल ने घटनास्थल पहुंचकर आरोपियों के धरपकड़ और लूटी गई रकम को बरामद करने तत्कालीन एएसपी नेहा पांडेय व एएसपी नीतेश कुमार गौतम, एसडीओपी लालचंद मोहले के पर्यवेक्षण में टीम तैयार कर आरोपियों के मिलने के संभावित स्थानों पर टीम भेजकर हर संभव प्रयास किया। विवेचना के दौरान घटना के मास्टर प्लानर मिथिलेश वर्मा और ईश्वर साहू तक पहुंचे। पूछताछ पर उन्होंने बताया कि उन्हें पहले से जानकारी थी कि हर शुक्रवार झूमर सिंह वसूली के लिए गंडई तक जाता है, उसकी उम्र ज्यादा होने के कारण वह आसानी से शिकार बन सकता है। घटना तारीख के पहले शुक्रवार को उन्होंने घिरघोली तक उसका पीछा किया और पूरी तरह से संतुष्ट होने के बाद अपने रिश्तेदार भूपेन्द्र वर्मा बहेराभाठा घुमका को सुबह फोन से योजना के बारे में बताया और बोला कि रकम ले जाने वाला उन्हें पहचानता है, इसलिए अपने किसी साथी के साथ आकर रकम लूटना है। जिसके बाद भूपेन्द्र वर्मा ने अपने साथी सुनील वर्मा बहेराभाठा के साथ यामहा एफजेड बाइक का नंबर प्लेट हटाकर नर्मदा पहुंचा, जहां पूर्व से उपस्थित मिथिलेश और ईश्वर ने प्रार्थी का पहचान कराया और लूट को लेकर प्लान तैयार किया।

## डॉ.रमन से मिलने के बाद आश्वस्त हुए डॉक्टर

- कहा- इस्तीफा नहीं सिर्फ अल्टीमेटम दिया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेडिकल कॉलेज में 20 डॉक्टरों द्वारा सामूहिक स्थिति की खबर पर आज नया रूख सामने आया, जब मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों का प्रतिनिधि मंडल डॉ. रमन सिंह के शंकर नगर स्थित निवास स्थान पर मिलकर अपनी स्थिति स्पष्ट की।

साथ ही रमन सिंह से चर्चा उपरांत उनके आश्वासन से संतुष्ट होते उन्होंने कहा कि हमने शासन की नई व्यवस्था का विरोध किया था और एक तय समय में अल्टीमेटम दिया था, जिसे कुछ लोगों ने गलत समझा, परंतु डॉ. रमन सिंह से बातचीत उपरांत हमें लगा कि शासन हमारी मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है। हमारी मंशा मरीजों को परेशान करने की कतई नहीं है, हम अपनी सेवाएं मेडिकल कॉलेज में देने हेतु प्रतिबद्ध हैं और हमारे संबंध में जो गलत ढंग से विपक्षी दल द्वारा अफवाह फैलाई जा रही है, वह मिथ्या है।

## राजयोग मेडिटेशन से मिलता है शुद्ध वायब्रेशन : रजनी

**राजनांदगांव।** सुप्रीम पावर से कनेक्शन जोड़ने की कला राजयोग मेडिटेशन से बहुत शुद्ध वायब्रेशन मिलता है, इसलिए जापान के लोग राजयोग मेडिटेशन को बहुत पसंद करते हैं। जापान में दूसरे विश्व युद्ध के समय हिरोशिमा और नागासाकी में बम से बर्बादी के बाद वहां दुःख और अशांति के बीच जब वहां के लोग ब्रह्माकुमारीज के संपर्क में आते हैं तो उन्हें यह राजयोग मेडिटेशन बहुत पसंद आता है, क्योंकि इसमें परिवार के प्यार की भासना है।

जापान के लोग बहुत मेहनती हैं, विज्ञान की टेक्नोलॉजी बहुत विकसित है, पर सच्ची सुख-शांति की प्राप्ति के लिए राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करना पसंद करते हैं। उपरोक्त विचार जापान एवं फिलिपींस में ब्रह्माकुमारीज की निर्देशिका ब्रह्माकुमारी रजनी बहन ने व्यक्त किया। 4 नवंबर को राजनांदगांव आगमन पर ज्ञान मानसरोवर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन



किया गया। ब्रह्माकुमारी रजनी बहन के आगमन पर दीपावली का पर्व एवं भाई दूज भी मनाया गया। जिसमें शामिल भाई-बहनों को भाईदूज का तिलक लगाया गया। ब्रह्माकुमारी रजनी बहन ने कहा कि भारत में तो दीपावली का त्यौहार धूमधाम से मनाते हैं। एयरपोर्ट में और विभिन्न स्थानों पर बहुत सजावट की जाती है, पर विदेशों में ऐसा नहीं होता।

उन्होंने कहा कि अभी हमें आंतरिक खुशी में रहना है और तपस्या के मार्ग पर निरंतर चलते अपने जीवन को सफल करना है।

## पूर्व सरपंच ने फिर दिखाई दादागिरी

- ग्रामीण के साथ बेवजह की मारपीट
- पूर्व सरपंच फरार, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत पलांदुर के पूर्व सरपंच मानिकलाल वर्मा ने फिर दादागिरी चालू कर दी है। बेवजह ग्रामीण सुखदेव पिता सेवक विश्वकर्मा के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया है। गंभीर रूप से घायल सुखदेव का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व सरपंच वर्मा ने सार्वजनिक तालाब के किनारे से निकल रहे एक ग्रामीण को बेवजह इसलिए पीट दिया कि वह उसके ग्रुप का नहीं था। डंडे से सिर पर वार करने के कारण ग्रामीण सुखदेव को गंभीर चोंट आई है, उसे सीधे मोहारा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सक उपलब्ध नहीं होने के कारण 112 के माध्यम



से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ ले जाया गया। वहां भी रात्रि में प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर चोंट आने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वर्तमान में गंभीर रूप से घायल इस ग्रामीण का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस ने प्राथमिक तौर पर मारपीट की धारा 296, 115 2, 351 2 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मोहारा चौकी प्रभारी ढालसिंह साहू ने बताया कि कल जिला अस्पताल में पीड़ति व्यक्ति का मुलायजा कराया जाएगा। तत्पश्चात नियमानुसार अन्य धारा जोड़कर आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। इस तरह बेवजह मारपीट की घटना को नजर अंदाज नहीं कर सकते।

#### पूर्व में भी की दादागिरी

पूर्व सरपंच वर्मा ने पूर्व में भी कई ग्रामीणों के साथ इस तरह की दादागिरी की है और राजनीतिक प्रभाव के कारण छूट जाने से इसके हौसले बुलंद है। ग्रामीणों ने बताया कि सार्वजनिक तालाब पर अपना कहकर कब्जा जमाए हुए इस व्यक्ति के खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। तालाब का मामला भी हाईकोर्ट में लंबित है। अब सामने पंचायत चुनाव है, इसलिए यह फिर दादागिरी दिखाकर ग्रामीणों को भयभीत करना चाहता है, किंतु ग्रामीण अब इसके झांसे में नहीं आने वाले वे जल्द ही पुलिस अधीक्षक से मिलकर इसके खिलाफ सबूत सहित शिकायत करेंगे।

## 18 दिवसीय सुंदरकांड महाकुंभ 27 दिसंबर से

- 5 जनवरी को 108 जोड़ों के साथ होगा भव्य सुंदरकांड पाठ

**राजनांदगांव।** श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों द्वारा नंदू शर्मा की प्रेरणा एवं आशीर्वाद तथा आशीर्वादक राजेश्वरानंद महाराज के मार्गदर्शन में वर्ष 2015 से प्रारंभ घर-घर सुंदरकांड पाठ के संकल्प का कार्य द्रुतगति से चल रहा है। अभी तक 1920 सुंदरकांड के पाठ पूर्ण हो चुके है।

अठारहवीं माला का 108वां पाठ अर्थात 1944वां सुंदरकांड पाठ आगामी 5 जनवरी 2025 को 108 जोड़ों के साथ श्री हनुमान श्याम मंदिर रायपुर नाका के भव्य प्रांगण में संपन्न होगा। अठारहवीं माला के पूर्ण होने पर श्री सुंदरकांड महाकुंभ का अट्ठारह दिवसीय भव्य आयोजन 27 दिसंबर से 13 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

श्री सुंदरकांड महाकुंभ महोत्सव समिति के गणेश मिश्रा, राजेश शर्मा, योगेश कोटक, राजू शर्मा, दीपक अग्रवाल, संदीप मिश्रा, संतोष हुंका के अनुसार सुंदरकांड की 18वीं माला का अभी तक 1920 पाठ पूर्ण हो चुके हैं। अठारहवीं माला के 5 जनवरी को पूर्ण होने को यादगार एवं भव्यता प्रदान करने अठारह दिवसीय श्री सुंदरकांड महाकुंभ का विशेष महोत्सव 27 दिसंबर को भजन संध्या के साथ श्रीगणेश कर प्रारंभ होगा। इस दौरान देश के विख्यात श्याम सेवक एवं हनुमान भक्तों द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ, श्याम भजन, श्री शिवमहापुराण कथा, नानीबाई का मायरा, श्रीराम कथा इत्यादि के कार्यक्रम श्री हनुमान श्याम मंदिर में संपन्न होंगे। अठारहवीं माला का 1944वां पाठ 5 जनवरी को 108 भक्त जोड़ों द्वारा किया जाएगा। जिसकी व्यासपीठ पर सुप्रसिद्ध हनुमंत भक्त गणेश मिश्रा एवं श्याम सेवक राजेश शर्मा विराजमान होंगे।

श्री सुंदरकांड महाकुंभ आयोजन समिति के नरेंद्र शर्मा, विष्णु प्रसाद लोहिया व अशोक लोहिया ने बताया कि 28 दिसंबर से 01 जनवरी तक पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा, 2 जनवरी को श्री सुंदरकांड पाठ, 3 एवं 4 जनवरी को नानीबाई का मायरा, 5 जनवरी को 18वीं माला का 1944वां पाठ 108 भक्त जोड़ों के साथ, 6 एवं 7 जनवरी को भजन संध्या, 8 से 10 जनवरी तक त्रि-दिवसीय राजेश्वरानंद महाराज की पुण्य स्मृति में श्रीराम कथा, 11 एवं 12 जनवरी को संगीतमय सुंदरकांड पाठ तथा 13 जनवरी को महाकुंभ का विश्राम भजन संध्या के साथ संपन्न होगा।

### 14 से तीन दिवसीय मोहारा पुन्नी मेला

**राजनांदगांव।** श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन के अनुसार शिवनाथ तट मोहारा में कार्तिक पुन्नी के अवसर पर आयोजित होने वाला मेला इस वर्ष आगामी 14 से 16 नवंबर तक आयोजित करने कलेक्टर की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। मेला के तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम देने संचालक संस्कृति को लिखा गया है। मेला की सुचारू व्यवस्था के लिए कलेक्टर द्वारा नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को महापौर हेमा देशमुख, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया तथा चालू निर्माण कार्यों के संबंध में कार्यापालन यंत्री श्री वर्मा, उपयंत्री एवं ठेकेदारों से चर्चा की गई।

### दीपावली मिलन समारोह व अन्नकूट आज

**राजनांदगांव।** श्री उत्तरप्रदेशीय वैश्य संघ परिवार द्वारा कल 9 नवंबर को शाम 7 से रात्रि 9 बजे तक पुराना रेस्ट हाउस रोड स्थित कस्तूरबा महिला मंडल भवन में दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट प्रसादी महोत्सव का आयोजन किया गया है। श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार में शामिल घटक समाज श्री अग्रहरि, श्री अयोध्यावासी, श्री दोसर, श्री गहोई, श्री कसौधन एवं श्री यज्ञसेनी वैश्य समाज के सामाजिक बंधुओ से आयोजन में उपस्थिति की अपील की गई है। उक्त जानकारी समाज के महामंत्री शैलेष गुप्ता ने दी।

## झेरिया यादव समाज का दीपावली मिलन 10 को

**राजनांदगांव।** छग झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-चौकी का दीपावली मिलन समारोह 10 नवंबर को छुईखदान मंगल भवन में दोपहर 12 बजे आयोजित है। ज्योतिषराम यादव अध्यक्ष संयुक्त जिला ने बताया कि महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर चर्चा विचार-विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। विभिन्न सामाजिक नियमों पर समीक्षा किया जाएगा। जिला के समस्त पदाधिकारी, संरक्षकगण, सभी परिक्षेत्र, ब्लॉक, तहसील, नगर इकाई एवं सभी प्रकोष्ठ के सम्मानित पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति से कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न करने में महती योगदान प्रदान करने की अपील की है।

एजेंसी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को
मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला के अंतर्गत मोहला में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, राजनांदगांव
दुर्गा चौक राजनांदगांव
मो. 8319268069
9425565082
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सुधार व मरम्मत कार्य के अभाव में उग आए खरपतवार, ग्रामीण परेशान



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड बोड़ला अंतर्गत आदर्श ग्राम चंडालपुर की गली मोहल्ले की सुधार व मरम्मत कार्य नहीं होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जिम्मेदारो की भारी अनियमितता व अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। साथ ही साथ सुधार व मरम्मत कार्य नही होने के कारण गली-मोहल्ले में खरपतवार उग आए है वहीं ग्रामीणों को खरपतवार उग आने से जहरीले जीव-जंतु का खतरा की आशंका बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा गली मोहल्ले की सुधार तथा मरम्मत कार्य किए जाने की मांग की गई ताकि ग्रामीण रहवासियों को राहत व सुधार मिल सकें।

### स्कूल भवन का सुधार व मरम्मत कार्य जोरों पर




**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम दौजरी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की मरम्मत एवं सुधार तथा रंग-रोगन का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। स्कूल भवन की रिपेयरिंग एवं मरम्मत तथा सुधार का कार्य रिपेयरिंग कार्यों के लिए 60 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई, स्वीकृति प्रदान होते ही ग्राम पंचायत के सरपंच पंचराम साहू द्वारा रिपेयरिंग एवं रंग-रोमन का कार्य जोर-शोर से कराया जा रहा है। स्कूल की मरम्मत एवं सुधार के बाद तथा रंग रोगन के बाद स्कूल बच्चों शिक्षको को लाभ मिलेगी।

### पं सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि के लिए ऑनलाइन आवदेन आमंत्रित

**कवर्धा।** पं सुंदर लाल शर्मा मुक्त विवि बिलासपुर में प्रवेश के लिए शैक्षणिक सत्र जुलाई से जून 2024 25 अंतर्गत ऑनलाइ आवेदन जारी है। विभिन्न पाठ्यक्रम में दूरवर्ती शिक्षा अंतर्गत ऑनलाइन एडमिशन आवेदन 15 नवंबर तक आमंत्रित किया है।

## उपमुख्यमंत्री ने दूरभाष पर बधाई दी, कहा-जिले के लिए गर्व का विषय है

# जिले की छोटी, अदिति व शिवकुमार चंद्रवंशी राज्य अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के 24वी वर्षगांठ पर कबीरधाम जिले के अलग-अलग क्षत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले तीन विभूतियों को उत्कृष्ठ कार्य के लिए राज्य अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा ग्राम पालीगुढ़ा निवासी श्रीमती अदिति कश्यप को महिलाओं में वीरता, शौर्य, साहस तथा आत्मबल को सशक्त बनाने के लिए वीरांगना अवंति बाई लोधी स्मृति पुरूस्कार, पंडरिया निवासी सुश्री छोटी मेहरा को पैरा एथलेटिक्स खेल क्षेत्र में गुण्डाधुर सम्मान और ग्राम कोको निवासी शिवकुमार चंद्रंवशी को कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। जिस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया है, उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जिले के तीनों नागरिकों को राज्य के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जो जिले के लिए गर्व का विषय है। इनकी उपलब्धियां दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगी और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी उपलब्धियां न केवल जिले के लिए गर्व का विषय हैं, बल्कि अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी हैं। आपके कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ-साथ जिले की पहचान को और मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी की मेहनत, लगन और समर्पण ने जिले को एक नई पहचान दिलाई है, आपके योगदान से अन्य लोगों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। प्रशासन आपकी हर संभव मदद के लिए हमेशा तैयार है। यह सफलता आपकी नहीं, पूरे जिले की सफलता है।



### उपमुख्यमंत्री ने जताया हर्ष

राज्य अलंकरण पुरस्कार प्राप्त करने पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दूरभाष पर श्रीमती अदिति कश्यप, सुश्री छोटी मेहरा व शिवकुमार चंद्रवंशी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आप सभी ने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। यह पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण है, उन्होंने कहा कि मैं वर्तमान में झारखंड प्रवास पर हूं, लेकिन कवर्धा लौटते ही आपसे व्यक्तिगत रूप से भेंट करूंगा। आपके कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ-साथ जिले की पहचान को और मजबूत करेंगे। आपकी इस सफलता से अन्य लोग भी प्रेरित होंगे और जिले का नाम रोशन करेंगे। इनकी उपलब्धियां दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगी और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।



# नव निर्मित भवन निर्माण कार्य में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

ग्राम पंचायत कोलेगांव में भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार द्वारा नव निर्मित भवन कार्य में भारी अनियमितता की जा रही है। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा नव निर्मित भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन रेत का उपयोग किया जा रहा है। जिस पर कोलेगांव ग्रामीण रहवासियों शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा नव निर्मित कार्य में की जा रही अनियमितता पर कार्यवाही करने तथा गुणवत्ता युक्त रेत का उपयोग किए जाने की मांग की गई ताकि नव निर्मित भवन मजबूती बनी रहें। साथ ही साथ ग्रामीणों ने नव निर्मित भवन निर्माण कार्य के लिए कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे ग्रामीणो को कौन से मद से भवन व कितनी लागत राशि से स्वीकृत किया गया है किसी प्रकार बोर्ड तथा किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है। जिस पर ग्राम पंचायत कोलेगांव वासियो नें जांच कर कार्यवाही की मांग की गई।

# छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए महाविद्यालय में आयोजित की गई फ्रेशर पार्टी



■ छात्र छात्राओं ने गायन, नृत्य, शायरी एवं कविताओं का शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

श्रीराम जानकी शरण दास वैष्णव स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में नवागत 2024-25 सत्र में छात्र छात्राओं के लिए उनके वरिष्ठ छात्राओं द्वारा फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपनी रुचि अनुसार कार्यक्रम जैसे गायन, नृत्य, शायरी एवं कविताओं का शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई। छात्र छात्राओ के आत्मविश्वास व साहस को निखारने के लिए फैशन-शो का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया, उन्होंने कहा कि इस तरह सार्वजनिक मंच पर प्रदर्शन करके छात्र नए आत्मविश्वास अर्जित कर सकते हैं और उसे अपने कैरियर में उपयोग कर सकते हैं साथ ही साथ नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित किए। सहायक प्राध्यापक सत्येंद्र चंद्रवंशी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं समय प्रबंधन का अधिक महत्व है, जिससे आप अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते है। बृजभूषण वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में इस तरह का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अवसर प्रदान करता है साथ ही साथ नवागत छात्र छात्राओं ने अपना परिचय देते हुए विभिन्न विधाओं में शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी। उक्त कार्यक्रम में जेपी साहू, दान दिवाकर, डॉ दिनेश टंडन, डॉ ममता दुबे, सीआर साहू, सुश्री लीना झरिया, श्रीमती अराधना सेन, लव वर्मा, विकास झरिया, चंद्रप्रकाश सोनी, अभिजीत केसरवानी, सुश्री अराधना देवांगन, सुश्री श्रद्धा चंद्रवंशी, सुश्री सुमन चंद्रवंशी, डॉ सरस्वती राठौर, सुश्री नंदिनी टंडन, कामेश्वरी चंद्रवंशी, गीतेश्वर साहू, भूपेंद्र गोयल एवं समस्त महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।


## आंगनवाड़ी भवन तैयार, नौनिहाल को मिलेगा बुनियादी शिक्षा का लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला में नव निर्मित आंगनवाड़ी केन्द्र भवन बनकर तैयार हो चुही है। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्र का रंग-रोगन व अक्षर से आंगनबाड़ी केंद्र को साज सज्जा से सजाया जा रहा है जिसके बाद नौनिहाल बच्चों को बुनियादी शिक्षा लाभ प्राप्त होगा। ग्रामीण रहवासियों ने बताया कि नव निर्मित भवन आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती गिरजा देवी जगदीश साहू द्वारा लाखों रूपए की लागत राशि से स्वीकृति मिली वहीं ग्राम आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य जोर-शोर से कराया जा रहा है, आंगनबाड़ी केन्द्र का रंग रोगन व अक्षरों से साज सज्जा कर तैयार हो चुके हैं वहीरं उद्घाटन के बाद नौनिहाल बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में लाभ मिलेगा।

## यातायात पुलिस की लगातार चलानी कार्रवाई



**हरिभूमि कवर्धा।** अपराध व अपराधिक मामलों में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिस पर यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो द्वारा कार्यवाही अभियान कवर्धा शहर के सभी आउटर पॉइंट्स पर नियमित रूप से शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तथा रात्रि 12 बजे से रात्रि 2 बजे तक चलाया जा रहा है। गत दो दिनों में यातायात पुलिस ने लगभग 68 मामलों में 27,900 रुपए का चालान किया। इसके अलावा एक वाहन चालक के खिलाफ शराब पीकर वाहन चलाने पर इस्तगासा तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसमें आरोपी पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने जिले के सभी नागरिकों से अपील कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी है।

# पेट्रोलियम निर्माण के समय जहरीले गैस फैलने से किसान के सेहत पर खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

हरिनछपरा औद्योगिक केंद्र में पेट्रोलियम निर्माण करते समय जहरीले गैस आसमान प्रभावित कर रहे हैं, वही दूसरी तरफ आवागमन करने वाले राहगीरो के लिए दम घुट रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूरी स्थित औद्योगिक क्षेत्रांतर्गत बड़े-बड़े उद्योग संचालित किया जा रहा है।

जिसमें हल्दी, मिर्च, मसाला निर्माण व कृषि क्षेत्र में खाद्य निर्माण तथा पानी पाऊज निर्माण, डिस्पोजल, पेट्रोलियम निर्माण तथा राइस मिल, हीरा टॉयर, ब्लड जांच निर्माण संचालित किया जा रहा है लेकिन पेट्रोलियम निर्माण बिना चिमनी के किया जा रहा है जिससे आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों के सेहत पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र में जहरीली गैस फैलने से आसमान में धुआ सा छाया हुआ है जिससे आसपास क्षेत्र के ग्रामीण, रहवासियों तथा राहगीरों को खासी परेशानियों व का सामना करना पड़ रहा है।

# जल उत्सव कार्यक्रम में बोड़ला विकासखंड का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जल संरक्षण, जल संवर्धन व जल की महत्त्ता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 20 नवम्बर तक छत्तीसगढ़ के जिले में जल उत्सव का आयोजन होगा। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा जल उत्सव के आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के आकांक्षी बोड़ला विकासखण्ड का चयन किया गया। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा पूरे देश के बीस अलग-अलग राज्यो के आकांक्षी विकासखंड का चयन हुआ है, जिसमे छत्तीसगढ़ के एक मात्र बोड़ला विकासखण्ड का चयन किया गया। जिस पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जल उत्सव के मूल उद्देश्यों को आकांक्षी विकासखण्ड विशेष-पिछड़ी जनजाति बैगा तथा आदिवासी बाहुल्य बोड़ला विकासखण्ड के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। जल उत्सव आयोजन को कलस्टर बनाकर ग्रामीणों की सहभागिता बढाने के लिए कहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता दिलीप राजपूत ने बताया कि जिले में जल उत्सव का आयोजन 6 से 20 नवम्बर तक चलेगा। नीति आयोग से जिले के आकांक्षी विकासखण्ड बोड़ला का चयन हुआ है, ग्राम तीतरी में जल उत्सव का आयोजन किया गया। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना के बारे में जानकारी प्रदान किया गया तथा जल सरंक्षण की सामूहिक जागरूकता की आवश्यकता के बारे में तथा उपलब्ध जल श्रोतों की समुचित उपयोग तथा जल श्रोतों की स्वामित्व भाव से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071


स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
17 दिसंबर 2024
21 दिसंबर 2024
24 दिसंबर 2024
19 जनवरी 2025
26 फरवरी 2025
16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)


Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**आदेश:** मृतक की बेटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने दिए आदेश

# एमपी उच्च न्यायालय ने दिया आदेश कचरू के शव को होगा रि-पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्राम लोहारीडीह निवासी रहे मृतक कचरू उर्फ शिवप्रसाद साहू की बेटी द्वारा मध्यप्रदेश हाई कोर्ट में दर्ज कराई गई याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने कचरू उर्फ शिवप्रसाद साहू के शव का पुनः पीएम कराए जाने का आदेश जारी किया है। वहीं, कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार को सहयोग करने का निर्देश दिया है। हालांकि घटना के बाद मृतक कचरू साहू की हत्या को आत्महत्या बताने वाली पुलिस मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले की पुलिस ने बाद में इसे हत्या मानते हुए इस मामले में कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी की है। लेकिन माना जा रहा है कि पुलिस ने मामले की जांच में कोताही बरती है। यहीं वजह है कि अब मृतक के शव का दोबारा पीएम कराए जाने का आदेश कोर्ट ने जारी किया है। गौरतलब है कि गत 15 सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मृतक शिवप्रसाद साहू की फांसी पर लटकी हुई लाश मध्यप्रदेश के सीमावर्ती बालाघाट जिले के ग्राम बीजाभाठ में मिली थी। जिसके बाद गांव में आक्रोश फैल गया था। इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जबलपुर हाई कोर्ट में याचिका लगाने का निर्देश दिया था और याचिकाकर्ता को एमपी ज्यूरीडिक्शन में केस फाइल करने की छूट दी थी। दरअसल, मृतक शिवप्रसाद साहू की बेटी की याचिका पर डिवीजन बेंच में राज्य शासन की ओर से पेश रिपोर्ट में शुरुआती जांच पड़ताल में गलती होना स्वीकार किया गया। अपने जवाब में राज्य शासन ने कहा कि, घटना के बाद जिस तरह की परिस्थितियां बन रही थीं उसे देखते हुए शार्ट पीएम कराया गया था। उसी रिपोर्ट के आधार पर शिवप्रसाद साहू के शव को उसकी बेटी को सौंप दिया गया था। राज्य शासन की इस रिपोर्ट पर डिवीजन बेंच ने नाराजगी जताते हुए अब कब्र खोदकर शव को निकालने और दोबारा पोस्ट मार्टम कराने का निर्देश दिया है। इससे पहले इस मामले को सिंगल बेंच ने खारिज कर दिया था। सिंगल बेंच के फैसले को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में याचिका दायर की गई थी। जबलपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ की डिवीजन बेंच ने कहा है कि, शिवप्रसाद साहू की लाश परिजनों की मौजूदगी में कब्र से खोदकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम से दोबारा पोस्ट मार्टम कराया जाए। उन्होंने पीएम रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है।

### लोहारीडीह मामले में अभी भी कई अनसुलझे सवाल



यहां बताना लाजिमी होगा कि लोहारीडीह हत्याकाण्ड एवं आगजनी मामले में अभी भी कई अनसुलझे सवाल हैं। हालांकि लोहारीडीह मामले में एक के बाद एक हुई शिवप्रसाद साहू, रघुनाथ साहू तथा प्रशांत साहू की मौत में से शिवप्रसाद साहू तथा रघुनाथ साहू की मौत की पुष्टि हो चुकी है और हत्या के इन दोनों मामलों में कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है। लेकिन जहां तक पुलिस अभिरक्षा में हुई प्रशांत साहू की मौत के मामले की बात की जाए तो अभी तक इस मामले में कार्यवाही का अता पता नहीं है। यहां तक की इस बात का भी अभी तक खुलासा नहीं किया गया है कि आखिर प्रशांत साहू की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई थी। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रशांत साहू की हत्या का आरोप सीधे तौर पर पुलिस प्रशासन पर लगा है और इसमें तात्कालिक पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव सहित पुलिस प्रशासन के कई अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी भी कटघरे में हैं। माना जा रहा है कि यही वजह है कि इस मामले की जांच काफी सुस्त रफ्तार से चल रही है। हैरानी की बात तो यह है कि प्रशांत साहू की मौत के मामले में शासन-प्रशासन औहदेदार नुमाईंदे भी कुछ बोलने से कतरा रहे है।

### पुलिस प्रशासन के सामने बड़ी समस्या

जानकारों की माने तो, अगर वास्तव में एसआईटी अपनी रिपोर्ट में गिरफ्तार किए गए 69 आरोपियों में से एक को भी निर्दोश बताती है तथा उसका नाम प्रस्तुत चालान से विलोपित करने न्यायालय को आवेदन सौंपती है तो भारतीय न्याय व्यवस्था के तहत पहला और बड़ा सवाल यही खड़ा होगा कि निर्दोश ग्रामीण के विरूद्ध बेहद संगीन और गैरजमानती धाराओं के तहत झूठा अपराध किसने और किसके निर्देश पर पंजीबद्ध किया गया था। क्योंकि भारतीय न्याय व्यवस्था में किसी के खिलाफ झूठा मुकदमा दायर करने वाले पर भी अपराध पंजीबद्ध करने तथा सजा का प्रावधान है। फिर वह पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी ही क्यों न हों।

### एसआईटी का किया गया है गठन

जानकारी के मुताबिक लोहारीडीह मामले में राजनांदगांव रेंज के आईजी ने हाल ही में एक एसआईटी का भी गठन किया है। गौरतलब है कि लोहारीडीह मामले में जिला पुलिस प्रशासन ने लगभग 171 ग्रामीणों के खिलाफ अलग-अलग पांच आपराधिक मामले दर्ज कर कुल 69 लोगों की गिरफ्तारी की थी और बाकी को फरार बताया था। जिसमें 34 पुरूष तथा 33 महिलाएं शामिल हैं। इन महिला-पुरूषों में 3 नाबलिग भी बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इन गिरफ्तार आरोपियों में से ही कुछ आरोपियों के परिजनो ने विगत दिनो राजनांदगांव रेंज के आईजी सहित शासन के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत कर कहा था कि लोहारीडीह मामले में गिरफ्तार किए गए 69 ग्रामीणों में से कई ग्रामीण निर्दोश हैं जिन्हें बेवजह गिरफ्तार किया गया है। हालांकि इस बात को ग्रामीणें घटना के बात से ही लगातार कहते आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों के प्रस्तुत आवेदन पर ही घटना के करीब डेढ़ माह बाद सत्यता की जांच करने के लिए अब आईजी ने कवर्धा एएसपी पंकज पटेल के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक अपनी जांच में एसआईटी ने भी माना है कि गिरफ्तार किए गए 69 आरोपियों में से 29 ग्रामीण निर्दोष हैं जो लोहारीडीह काण्ड में शामिल ही नहीं थे। इनमें निर्दोशों में 11 महिलाएं तथा 18 पुरूष बताए जा रहे हैं। हालांकि अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की गई है।

# जिले के सरेखा 17 वीं बटालियन कैंप से 20 नग कारतूस तथा एक इंसास रायफल गायब

- कवर्धा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिला चोर उचक्कों तथा आपराधिक व आसामाजिक तत्वों से कितना सुरक्षित है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते तीन रोज पूर्व जिले के ग्राम सरेखा में स्थित 17 वीं बटालियन के मुख्यालय से अज्ञात चोर ने 20 नग जिंदा कारतूस तथा एक इंसास रायफल पार कर दी। बताया जाता है कि बटालियन अधिकारी द्वारा घटना की जानकारी होने के बाद घटना दिनांक को ही चोरी की रपट कवर्धा कोतवाली में दर्ज करा दी गई थी लेकिन प्रदेश के गृह मंत्री के गृह नगर की पुलिस अभी तक न तो अज्ञात चोर का पता लगा पाई है और न ही चोरी कर गए कारतूस तथा इंसास रायफल को खोज पाई है। गौरतलब है कि सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम सरेखा में नक्सलियों से मोर्चा लेने के लिए 17 वीं बटालियन का कैम्प स्थित है। जिसमें बड़ी संख्या में हथियार बंद जवान व अधिकारी तैनात किए गए है। कहने को नक्सल प्रभावित कबीरधाम जिले के ग्राम सरेखा में तैनात इस 17 वीं बटालियन कैम्प की सुरक्षा व्यवस्था इतनी चाक चौबंद है कि यहां कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। लेकिन बताया जाता है कि बीते तीन रोज पूर्व इसी बटालियन के कैम्प से किसी अज्ञात चोर ने 20 नग जिंदा कारतूस तथा एक इंसास रायफल पार कर दी। जब इस बात की जानकारी बटालियन प्रभारी को हुई तो उन्होने पहले तो कैम्प में ही गायब हुई 20 नग जिंदा कारतूस तथा इंसास रायफल की खोजबीन की और बटालियन में तैनात जवानो से पूछताछ की। लेकिन काफी मसक्कत के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिली तो घटना की रपट कवर्धा कोतवाली में दर्ज करा दी गई। पुलिस ने बटालियन प्रभारी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है लेकिन इस बेहद संगीन और गंभीर मामले में अभी तक कोतवाली पुलिस अज्ञात चोर का पता लगा पाई है और न ही चोरी गए कारतूस तथा इंसास रायफल को खोज पाई है।



### चोरी का मक्सद क्या?

क्षेत्रीय ग्रामीणों के मुताबिक वन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण यहां शिकारियों के हौसले बुलंद हैं और वे जंगलों के भीतर से गुजरने वाले हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित विद्युत लाईन का उपयोग वन्यप्राणियों के शिकार के लिए कर रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक जंगलों में बड़ी संख्या में करंट प्रवाहित जाल लगाकर जंगली सुअर, हिरन आदि का शिकार किया जा रहा है। लेकिन इन शिकारियों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

## खबर संक्षेप

### जन समस्या निवारण शिविर 13 नवम्बर को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन समान्य प्रशासन एवं जन शिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहसपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोछिया में 13 नवंबर 2024 को शिविर आयोजित किया जाएगा, शिविर में 25 गांव शामिल है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आदेश जारी कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोछिया में 13 नवंबर 2024 को आयोजित शिविर में ग्राम कुम्हारदनिया, कारेसरा, चारभांटा, गांगीबहरा, राजपुर, अचानकपुर, सिंघनपुरी, गोछिया,बगबई, सेमरिया, खैरझिटी, गोरखपुर कला, कुंआ, बंधी, सिघौरी, गैंदपुर, दानीघटोली, धरमगढ़, भाठकुण्डेरा, सुरजपुरा, कोहड़िया, रामुपर ठाठापुर, ढोरली, हरदी, गोरखपुर खुर्द कुल 25 ग्राम शामिल।

### कवर्धा में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 13 से

**कवर्धा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में दिनांक 13 एवं 14 नवंबर 2024 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 04 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने निकाली रैली

### मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने प्रांतीय आव्हान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं ध्यान आकर्षण रैली का आयोजन किया तथा अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन प्रदेश सरकार के नाम पर जिला प्रशासन को सौंपा। संघ के इस कार्यक्रम में शामिल होने बड़ी संख्या में जिलेभर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं उपस्थित होने जिला मुख्यालय पहुंची थी। इन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम जिला मुख्यालय कवर्धा के राजमहल चौक स्थित धरना प्रदर्शन स्थल में एक सभा का आयोजन किया तत्पश्चात हांथों में झंडा, बैनर, पोस्टर तथा अपनी मांगों से संबंधित तख्ती लेकर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने धरना प्रदर्शन स्थल से लेकर जिला कार्यालय तक ध्यान आकर्षण रैली निकाली और अपने हक की आवाज बुलंद की। बाद में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने मुख्य रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करते तक 26000 मानदेय दिए जाने तथा प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत मानदेय वृद्धि किए जाने, तत्काल पर्यवेक्षक भर्ती निकाले जाने, कार्यकर्ताओं को 50 प्रतिशत लाभ में योग्यता के आधार पर पर्यवेक्षक पद पर पदोन्नति किए जाने, कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को आयु सीमा में छूट देते हुए 45 प्लस वालों को विशेष अंक दिए जाने, विभाग द्वारा परीक्षा ली जाए, सहायिकाओं के मानदेय में कार्यकर्ता के मानदेय से 80 प्रतिशत वृद्धि दी जाए, कार्यकर्ता पद पर सहायिकाओं को शत प्रतिशत पदोन्नति दिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की जिला अध्यक्ष सोनबाई बंजारे, जिला सचिव लक्ष्मी लता धगेश, जिला उपाध्यक्ष पत्रिका बंजारे, जिला उपाध्यक्ष ललित साहू, परियोजना अध्यक्ष अंजू अवस्थी कवर्धा, ब्लॉक अध्यक्ष सीमा पटेल लोहारा, परियोजना अध्यक्ष रानी मानिकपुरी शिल्पी, रुकमणी सोनी पंडरिया परियोजना अध्यक्ष, द्रोपती गर्ग दशरंगपुर परियोजना अध्यक्ष, कुमुदिनी कुंडा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बिजली विभाग की लापरवाही और शिक्षा विभाग की अनदेखी के चलते स्कूली बच्चे खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

विकासखण्ड बोड़ला क्षेत्र के ग्राम नेऊरगांव कला में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला तथा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर गंभीर दुर्घटना को न्यौता दे रहा है। जिसे देखते हुए ग्रामीण इसे हटाने के लिए लगातार विभागीय तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विद्युत विभाग से गुहार लगा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि कोई भी इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम नेऊरगांव कला में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला तथा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में एक विद्युत ट्रासफार्मर लगा हुआ है। जो स्कूल परिसर में होने के कारण स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है। ग्रामीणों की माने तो बच्चे स्कूल परिसर में खलते कूदते हैं ऐसे में हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जिसे देखते हुए वे कई बार स्कूल प्रशासन के साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर हटाने के लिए अर्जी विनती कर चुके है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



ग्रामीणों ने बताया कि जमीन को छू रहे इस बेहद खतरनाक विद्युत ट्रांसफार्मर के संपर्क में आने से कई मवेशियों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। अभी हाल के दिनो में ही एक मवेशी की करंट से मौत हो चुकी है। बावजूद इसके इसे स्कूल परिसर से हटाने कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के मुखिया से इस पर तत्काल कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### कवर्धा में पावर लिफ्टिंग चैंपियन शीप का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़, कवर्धा पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन और भारत हेल्थ क्लब जीम के तत्वाधान में 10 नवंबर को एक दिवसीय पावर लिफ्टिंग चैंपियन शीप का आयोजन किया जाएगा। पावर लिफ्टिंग चैंपियन शीप के शुभारंभ में नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति उमंग पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि कृष्णा साहू, राकेश वैष्णव, मुरली मनोहर वैष्णव, हरिशचंद डड़सेना, शशिकांत शुक्ला करेगे। समापन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में कलेक्टर गोपाल वर्मा, अध्यक्षता पावर लिफ्टिंग एशोशिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह और डीएफओं शशिकुमार सिंह शामिल होंगे। पावर लिफ्टिंग चैंपियन शीप में पंडरिया, बोड़ला, लोहारा, रेंगाखार, पिपरिया सहित जिले के लगभग 100 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे।

# कलेक्टर ने उद्योग, कृषि, श्रम विभाग सहित गुड उद्योग संचालकों की ली संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिला छत्तीसगढ़ में गन्ना उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहाँ खरीफ सीजन में गन्ना कटाई के बाद बड़े पैमाने पर गुड़ उद्योग का संचालन होता है, जिससे क्षेत्र में गुड़ निर्माण की गतिविधियाँ तेज हो जाती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले में बड़ी संख्या में गुड़ उद्योग स्थापित किए गए हैं।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उद्योग, कृषि, श्रम विभाग सहित गुड उद्योग संचालकों की संयुक्त बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य गुड़ उद्योग की कार्यप्रणाली, श्रमिकों की स्थिति और क्षेत्र के श्रमिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिले में संचालित सभी गुड़ उद्योगों का पंजीयन कराना अनिवार्य है। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक उद्योग में कार्यरत श्रमिकों का भी पंजीयन सुनिश्चित करें। इसका उद्देश्य गुड़ उद्योगों में श्रमिकों की स्थिति का रिकॉर्ड रखना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कलेक्टर ने प्रतिवर्ष गुड़ उद्योग संचालन और वहां कार्य करने वाले श्रमिकों की जानकारी गुड़ उद्योग संचालकों से ली।

कलेक्टर ने कहा कि प्रतिवर्ष अन्य राज्यों से श्रमिक बुलाए जाते हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता देकर रोजगार प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र के श्रमिकों में तकनीकी दक्षता की कमी है, तो उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। इसके लिए आईटीआई के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करें, जिससे श्रमिकों को प्रशिक्षित कर उनके कौशल को विकसित किया जा सके।

कलेक्टर ने गुड़ उद्योग संचालकों को निर्देशित किया कि प्रतिवर्ष श्रमिकों की जानकारी प्रदान करे, ताकि प्रशासन इन श्रमिकों की स्थिति की निगरानी कर सके।

दस लाख से निर्मित कराया जा जाएगा गांव में सामुदायिक भवन

# नेऊरगांव कला में सामुदायिक भवन निर्माण की रखी गई नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम नेऊरगांव कला में गुरूवार को सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। 10 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले इस सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला भाजपा के महामंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल उपस्थित थे। वहीं अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष भाजपा विदेशीराम धुर्वे, ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष बोड़ला कांशीराम उईके, जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू, रामविलास चन्द्रवंशी, अमित वर्मा, नरेश चन्द्रवंशी, ग्राम सरपंच श्रीमती चितरेखा धुर्वे उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर ग्राम नेऊरगांव कला में सामुदायिक भवन निर्माण की नींच रखी। इस अवसर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संतोष पटेल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद जिले की कवर्धा विधानसभा में विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों का समुचित विकास किया जा रहा है। लोगों की मांग और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर उनका निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इसी कड़ी में आज नेऊरगांव कला में इस सामुदायिक भवन निर्माण का श्री गणेश किया गया है। उन्होने कहा कि इस भवन के निर्मित हो जाने से गांव के लोगों को अपने बड़े आयोजनों के लिए एक व्यवस्थित भवन उपलब्ध हो जाएगा। कार्यक्रम में संजय पटेल, तीरथ वर्मा, गणेश यादव, आशू चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने सम्मानित तीनों विभूतियों को आमंत्रित कर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राज्य अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती अदिति कश्यप, सुश्री छोटी मेहरा और शिवकुमार चंद्रवंशी को कार्यालय में आमंत्रित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने सभी सम्मानित विभूतियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया और उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मुंह मीठा कराया। कलेक्टर श्री वर्मा ने तीनों को कबीरधाम जिले का मान बढ़ाने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि राज्य अलंकरण पुरस्कार प्राप्त करना न केवल व्यक्तिगत गौरव की बात है, बल्कि यह पूरे जिले के लिए भी गर्व का क्षण है। यह सम्मान आपके सतत परिश्रम, समर्पण और समाज के प्रति आपके योगदान का प्रतीक है। आपकी यह उपलब्धि जिले के अन्य नागरिकों और विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आपकी इस सफलता पर गर्व महसूस करता है और आगे भी आपके प्रयासों में हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

